पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
———————

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से जनपद सिद्धार्थनगर के स्कूली बच्चों ने की मुलाकात

———————

लखनऊ : 12 अक्टूबर, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में जनपद सिद्धार्थनगर के कैलाशपति पब्लिक स्कूल से आए कक्षा 3 से कक्षा 7 तक के बच्चों ने मिलकर आर्शीवाद प्राप्त किया। राज्यपाल जी ने बच्चों से उनकी यात्रा के अनुभव पूछे और उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। पहली बार भ्रमण पर आए बच्चों में राजभवन के प्रति कौतूहल तथा राज्यपाल की गरिमा और दायित्वों के विषय में जानकारी के लिए गहरी उत्सुकता भी दर्शनीय रही।

ये बच्चे आज अपने स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के साथ लखनऊ में राजभवन भ्रमण पर आए थे। बच्चों ने राजभवन में नवनिर्मित बोनसाई गार्डन के अतिरिक्त बच्चों के लिए विशेष रूप से राज्यपाल जी द्वारा निर्मित कराई गई पंचतंत्र वाटिका के साथ यहाँ के कला कक्ष तथा विविध वाटिकाओं और भवनों का अवलोकन किया।

————————

डा0 सीमा गुप्ता
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361